पावर सिस्टम कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड़

पोसोको केन्द्रीय कार्यालय, मानव संसाधन विभाग

सन्दर्भ संख्या : के.का./पोसोको/2013/हिन्दी कार्यशाला

दिनांक 27 जून 2013
3.7.2013

हिन्दी कार्यशाला का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 24.6.2013 को दोपहर 02.30 बजे हिन्दी कार्यशाला का आयोजन पोसोको के प्रथम तल स्थित सम्मेलन कक्ष में किया गया जिसमे पोसोको कार्यालय के 15 वरिष्ठ अधिकारियों ने बडे उत्साह से भाग लिया।

1.0 राजभाषा हिन्दी में कार्य को कैसे आसान बनाएँ विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन करने के लिये कार्यपालक निदेशक (रा.भा.प्रे.के) से 05 जून 2013 को अनुमोदन प्राप्त किया गया और इसमें व्याख्यान देने के लिये श्री केवल कृष्ण को आमंत्रित किया गया ।

2.0 श्री सुशील कुमार सोनी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको) ने पोसोको कार्यालय की तरफ से बाह्य संकाय श्री केवल कृष्णजी को पोसोको कार्यालय में व्याख्यान देने के लिये आने पर हार्दिक अभिनन्दन किया व सभी अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पोसोको कार्यालय में हिन्दी में कार्य करने को लेकर काफी उत्साह है परंतु अभी और सुधार की आवश्यकता है ।

4.0 श्री केवल कृष्ण ने अपने व्याख्यान में सूचना प्रोद्योगिकी की मदद से राजभाषा हिन्दी में कार्य कितनी आसानी से किया जा सकता है, उसे व्यावहारिक(प्रेक्टिकल) करके दिखाया और आई टी टूल्स, अनुवाद से संबंधी राजभाषा वेबसाईट पर बड़ी बड़ी फ़ाईलो का अनुवाद कर के भी दिखाया।

5.0 श्री केवल कृष्ण ने राजभाषा की वेबसाईट पर पड़े हुए प्रेजेंटेशन को भी दिखाया ताकि जरूरत पढ़ने पर राजभाषा हिन्दी में कार्य करने में किसी को परेशानी न हो और उस वेबसाईट से कैसे उचित मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है, इस बारे में भी जानकारी दी । आई पेड़, मोबाईल पर भी हिन्दी को कैसे प्रयोग करें, इसके बारे में विस्तार से बताया।

5.0 अंत में श्री केवल कृष्णजी को अपना व्याख्यान पोसोको कार्यालय में आकर देने हेतु मानदेय का चेक श्री सोनी ने भेंट किया और धन्यवाद ज्ञापन श्री विनोद कुमार अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक (रा भा प्रे के) ने किया ।

6.0 पावरग्रिड के राजभाषा विभाग व राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय को हिन्दी कार्यशाला का कार्यव्रत भेजने से पूर्व कार्यपालक निदेशक(रा भा प्रे के) व मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको) के विचार्थ व अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

7.0 विचार्थ व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)

नोडल अधिकारी(राजभाषा)

मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन)

कार्यपालक निदेशक (रा.भा.प्रे.के.)

मुख्य कार्यपालक अधिकारी (पोसोको)

का-नि.

सोनी
4/7/13

हिन्दी मे काम करना आसान है। शुरु तो कीजिए।